ओ शिरडी वाले बाबा मैं तेरा हो गया

जब से देखा तुम जाने क्या हो गया,
ओ शिरडी वाले बाबा मैं तेरा हो गया,

तू दाता है तेरा पुजारी हूँ मैं,
तेरे दर का ए बाबा भिखारी हूँ मैं,
तेरी चौखट पे दिल है मेरा खो गया,
ओ शिरडी वाले बाबा मैं तेरा हो गया,

जब से मुझको ए श्याम तेरी भक्ति मिली,
मेरे मुरझाए मन में हैं कालिया खिली,
जो ना सोचा कभी था वाही हो गया,
ओ शिरडी वाले बाबा मैं तेरा हो गया,

तेरे दरबार की वाह अजब शान है,
जो भी देखे वो ही तुझपे कुर्बान है,
तेरी भक्ति का मुझको नशा हो गया,
ओ शिरडी वाले बाबा मैं तेरा हो गया,

मैंने जब से शिरडी का दर्शन किया
तेरे चरणो में तन मन यह अर्पण किया,
इक दफा तेरी नगरी में जो भी गया,
ओ शिरडी वाले बाबा मैं तेरा हो गया,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/13441/title/o-shirdi-vale-baba-main-tera-ho-geya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |